अस्पताल में इलाज के दौरान बड़ी लापरवाही

बंडा सिविल अस्पताल में इलाज ने छीनी डेढ़ साल के मासूम की आंखों की रोशनी, न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित परिवार, थाने में की शिकायत

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. स्वास्थ्य व्यवस्था और जमीनी स्तर के डॉक्टरों की संवेदनहीनता का एक और खौफनाक चेहरा सागर जिले के बंडा से सामने आया है. यहां बंडा सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कथित लापरवाही के कारण एक डेढ़ साल के मासूम बच्चे को अपनी दोनों आंखों की रोशनी गंवानी पड़ी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामूली सर्दी और आंखों की लालिमा का इलाज कराने आए इस मासूम को ऐसी दवाइयां दी गईं कि उसकी आंखों में घातक संक्रमण फैल गया. इस झकझोर देने वाले मामले का खुलासा तब हुआ जब

देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने बच्चे की जांच की और इसे सीधे तौर पर गलत इलाज का नतीजा करार दिया, पीड़ित परिवार ने अब बंडा थाने में न्याय की गुहार लगाई है. मिली जानकारी के अनुसार बंडा के ग्राम भूसा कमलपुर निवासी इंद्राज विश्वकर्मा अपने डेढ़ वर्षीय बेटे विनय विश्वकर्मा को लेकर 29 मई को बंडा सिविल अस्पताल पहुंचे थे. बच्चे को हल्की सर्दी-खांसी और आंखों में मामूली लालिमा थी.

ओपीडी की पर्ची कटने के बाद ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने बच्चे की जांच की और उसे एक आई ड्रॉप, पैरासिटामोल सिरप, एक इंजेक्शन सहित कुछ अन्य दवाइयां दी थीं.

पिता इंद्राज ने बताया कि दवा और ड्रॉप देने के बाद वे अस्पताल में ही रुके रहे कि शायद बच्चे को आराम मिले, लेकिन स्थिति सुधरने की बजाय लगातार बिगड़ती चली गई. मासूम दर्द से तड़पने लगा, जब हालत बेकाबू होने लगी तो अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे को तुरंत जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया. सागर में भी प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए और किसी उच्च संस्थान ले जाने की सलाह दी. बेबस पिता अपने कलेजे के टुकड़े को लेकर भोपाल एम्स पहुंचे, वहां के नेत्र विशेषज्ञों ने जब बच्चे की आंखों का परीक्षण किया, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. डॉक्टरों ने कहा कि बच्चे की आंखों में जो गंभीर संक्रमण फैला है, इसी संक्रमण ने मासूम की आंखों की रोशनी को पूरी तरह खत्म कर दिया है. भोपाल से लौटने के बाद पीड़ित पिता इंद्राज विश्वकर्मा बंडा थाने पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन व दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती आवेदन दिया. बंडा सिविल अस्पताल के सीबीएमओ डॉ. योगेंद्र खटीक ने का कहना है कि बच्चे को कॉर्नियल अल्सरेशन (आंख की पुतली में घाव), गंभीर कुपोषण और पहले से आंखों में संक्रमण की समस्या थी, इसी वजह से उसे सुपर स्पेशलिस्ट के पास जिला अस्पताल भेजा गया. उन्होंने कहा है कि यदि जांच में इलाज के दौरान कोई गड़बड़ी या लापरवाही पाई जाती है, तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी. थाना प्रभारी बंडा अंजली उदैनिया का कहना है कि शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ है, पुलिस इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है. मामले के हर तकनीकी और चिकित्सीय पहलू की गहनता से जांच करवाई जा रही है, जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

ढाबे से पेट्रोलियम पदार्थ का भंडारण पकड़ा

पुलिस ने किया लगभग 4 लाख मूल्य का ज्वलनशील पदार्थ, ट्रक एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. नरयावली थाना पुलिस ने अवैध रूप से भंडारित एवं परिवहन किए जा रहे ज्वलनशील पेट्रोलियम पदार्थ को जब्त कर चार आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.

थाना नरयावली की प्रभारी उप निरीक्षक प्रतिमा मिश्रा पुलिस बल के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम किशनपुरा स्थित सौरभ ढाबा पर एक ट्रक में अवैध रूप से पेट्रोल, डीजल अथवा अन्य ज्वलनशील पेट्रोलियम पदार्थ से भरी टंकियां लोड की जा रही हैं. सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में कार्रवाई की. मौके पर ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 2834 में टंकियां लोड

करते हुए शिवकुमार यादव, गौरव यादव, वीरेन्द्र यादव तथा ट्रक चालक हेमराज कोरी मिले.

पूछताछ के दौरान आरोपी पेट्रोलियम पदार्थ के भंडारण एवं परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज अथवा अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके. तलाशी के दौरान ट्रक एवं एक बिना नंबर के लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुल 69 प्लास्टिक टंकियां बरामद की गईं. प्रारंभिक जांच में 21 टंकियों में लाइट डीजल ऑयल तथा शेष 48 टंकियों में मिश्रित ज्वलनशील पदार्थ-मिक्स सॉल्वेंट होना प्रतीत हुआ. पुलिस द्वारा सभी 69 टंकियों को विधिवत जब्त कर प्रत्येक टंकी से एक-एक लीटर के कुल 69 नमूने लेकर सीलबंद किए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु सुरक्षित रखा गया है.

बरामद ज्वलनशील पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख है. साथ ही परिवहन में प्रयुक्त ट्रक एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त किए गए हैं.

झंडावंदन कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. रहली में कांग्रेस-सेवादल के तत्वावधान में झंडावंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

मुख्य अतिथि जिला सेवादल अध्यक्ष एड. बी.डी. पटेल द्वारा धवजारोहण किया गया. इस दौरान राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई. कांग्रेस नेत्री एवं जिपं सदस्य ज्योति पटेल ने कहा कि महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से हमें यह आजादी और मजबूत संविधान मिला है. इस दौरान सुशील हजारी, संजय पटेरिया, दीपक जैन, बिहारी कुशवाहा, रवींद्र लोधी, एड. रत्नेश पटेल, रोहित कुर्मी, जानकी चौधरी, ईशाक खान, मुबारक खान, विक्रम यादव, शरद तिवारी, प्रमोद नायक मौजूद थे.

अवैध मदिरा के विरुद्ध दबिश, मदिरा बरामद

सागर. वृत्त बंडा अंतर्गत अवैध मदिरा विक्रय एवं मदिरापान की व्यवस्था कराए जाने के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा दबिश कार्यवाही की गई. कार्यवाही के दौरान दो न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए. बरामदगी में 15 पाव मैक डॉवल नंबर 1 व्हिस्की, 60 पाव बॉम्बे व्हिस्की, 40 पाव देशी मसाला मदिरा, 40 पाव देशी प्लेन मदिरा, 05 पाव एवं 01 पाव में लूज सागर गोल्ड व्हिस्की शामिल है. बरामद मदिरा को कब्जा ए आबकारी में लिया गया और संबंधित प्रकरण पंजीबद्ध किए गए.

ईशुरवारा और जरुआखेड़ा में साइकिल वितरण

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. एक साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम है.

उक्त उद्गार विधायक प्रदीप लारिया ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईशुरवारा में 53 तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरूआखेड़ा में 57 विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण अवसर पर कही.

विधायक श्री लारिया ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और समाज की दशा दोनों बदलने का सामर्थ्य रखती है. आज शासकीय विद्यालय किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं हैं. उन्होने कहा योजनाएँ तभी सार्थक होंगी, जब विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आएँ. इस दौरान मंडल अध्यक्ष सोहन लोधी, नारद यादव, सरपंच लखन राय, कृष्ण मुरारी यादव, शोभाराम साहू, मुरारी यादव, राजा भैया, प्रदीप पाठक, राजकुमार शर्मा, धर्मेंद्र सोनी, ओमहरि पांडे शैलेन्द्र सिंह, दिलीप नायक मौजूद थे.

विट्ठलनगर में धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, भारतीय बौद्ध महासभा शाखा के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन हुआ.

यह शांति बुद्ध विहार विट्ठल नगर में भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष सिद्धार्थ बौद्ध की अध्यक्षता में हुआ. जिसमें मांग की गई है कि भारत के समस्त बौद्ध उपासक उपासिकाओ का पावन स्थल एवं महामानव तथागत गौतम बुद्ध को बुद्धत्व प्राप्त स्थली बुद्ध गया स्थित महावोधि महाविहार को मुक्त किया जाए. इस दौरान रमाकांत यादव, रवि सोनी, अशोक बौद्ध, दुलीचंद बौद्ध, नरेंद्रसिंह आठिया, बालचंद बौद्ध, प्रशांत अहिरवार मौजूद थे.

एक नजर में

ग्राम बारछा में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

सागर. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जिले की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने हेतु समस्त एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ग्राम बारछा में शासकीय भूमि खसरा नं 572,1रकवा क्र. 10.12,11.35 कुल रकवा 21.47हे अनुमानित कीमत लगभग 2.5करोड़ रुपए की भूमि पर बुलडोजर की कार्यवाही करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया.कार्यवाही के दौरान तहसीलदार राहुल गौड़, पटवारी विजय पाठक उपस्थित रहे.

नशा मुक्त भारत जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

सागर. अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस पर नशा मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. गायत्री परिवार सागर एवं सामाजिक न्याय विभाग के तत्वावधान में नशा मुक्ति जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. युवाओं ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया. गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन, युवा, पुस्तकालय के भाई-बहन, सामाजिक न्याय विभाग से दंडाधिकारी डीए यादव उपस्थित रहे.

युवा कांग्रेस ने जलाए दो पुतले

सागर. युवा कांग्रेस द्वारा राहतगढ़ बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया. नेतृत्व युवा कांग्रेस सागर जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित अहिरवार एवं विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू ने किया. जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री एवं उनके परिवार पर उज्जैन तथा सिंहस्थ क्षेत्र में भूमि खरीद एवं मास्टर प्लान में बदलाव से जुड़े लगाए जा रहे कथित आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की. प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल चौबे, पूर्व शहर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, रामकुमार पचौरी,मुकुल पुरोहित, राकेश राय, समीर खान, सिंटू कटारे, हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, लीलाधर सूर्यवंशी, अनिल मिश्रा, फिरदौश कुरैशी, शाहबाज कुरैशी, आनंद हेला, जैद खान,संदीप चौधरी, आदित्य चौधरी, नीलेश अहिरवार, रीतेश रोहित, अरविंद लोधी, चंदन सुहाने, आनंद अहिरवार, दीपक कुर्मी, आदिल राईन, शहजाद निहारिया, अरबाज अली, सिकंदर राईन, आशु खान,धनंजय अहिरवार,आमिर खान आदि मौजूद थे.

तालाब घाटी पर खाद से भरा ट्रक पलटा

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 28 जून. बरायठा थाना अंतर्गत खाद से भरा हुआ ट्रक तालाब घाटी पर पलट गया, ड्राइवर की सूझबूझ के कारण ट्रक खाई में जाकर पलट गया.

ड्राइवर द्वारा बताया गया कि ट्रक के ब्रेक फेल हो चुके हैं, जिससे ट्रक घाटी में बेक हो गया और खाई में जाकर पलट गया. बताया जा रहा है की घाटी पर नीचे और बीचों बीच गति अवरोधक होने के कारण गाड़ी का बैलेंस नहीं बनता जिससे यह हादसा होते रहते हैं. ट्रक अमित यादव ट्रांसपोर्ट सागर का बताया जा रहा है जो शाहगढ़ से खाद लेकर बरायठा सोसाइटी लेकर आ रहा था, ट्रक का नंबर एमपी 19 एचए 2927 है. ट्रक की पलटने की सूचना मिलते ही मौके पर बरायठा पुलिस एवं एम्बुलेंस मौके पर तुरंत पहुंच गई. ड्राइवर का नाम सौरभ यादव है जो की अमरमऊ का रहने वाला है, बरायठा समिति समिति प्रबंधक बृजेंद्र सिंह बुंदेला द्वारा ट्रैक्टरों के माध्यम से खाद को उठाकर गोदाम में रखवाया गया था.

स्वास्थ्य योजना में शामिल होने का अवसर

सागर पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना से अब तक वंचित रहे पात्र कार्मिकों, पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान किया है. 25 जून से 20 जुलाई तक पुन: आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. मुख्य अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि पात्र हितग्राही ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं.एमपी ट्रांसको प्रबंधन ने सभी पात्र कार्मिकों, पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया है.

कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम नगर निगम मार्केट में कांग्रेस नेता और फुटकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष विनीत जैन ताले वाले ने किया.

मुख्य अतिथि श्री जैन ने कहा कि आजादी की लड़ाई में संघर्ष कर रहे हम देशवासियों ने साथ-साथ संघर्ष किया चाहे हिंदू हो या मुस्लिम या और कोई संप्रदाय का हो. आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी ने किया.कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव, प्रदेश

सेवादल महासचिव विजय साहू, पार्षद सुरेखा राय, पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, राकेश राय, जित्तू रोहण, हरिशचन्द्र सोमवार, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, समीर खान, योगराज कोरी, दीनदयाल तिवारी, राजा सेन, रजिया खान, प्रभात जैन, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल, आनंद हेला, ऋषभ जैन, गजेन्द्र दुबे, रामशंकर सेन, जाहिद ठेकेदार, अंकुर यादव, अमर श्रीवास्तव, प्रभात भंडारी, उमेश यादव, परख शुक्ला, तिलक समैया, अशोक रैकवार, भागीरथ अहिरवार,महेश अहिरवार, अजय लारिया, गोपीलाल यादव मौजूद थे.

रोजगार मेला में 352 अभ्यर्थियों का चयन

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. एडिना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया. रोजगार मेले में देश की 25 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया.

इस अवसर पर 1125 विद्यार्थियों एवं रोजगार के इच्छुक युवाओं ने साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से 352 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया. जिसमें टेक्निकल कोर्स का पैकेज 1.80 लाख से 4.80 लाख रहा एवं नॉन टेक्निकल कोर्स का पैकेज 1.20 लाख से 3.30 लाख रहा. कंपनियों द्वारा 1200 से अधिक रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई. इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन एवं चेयरमैन राजेश

जैन ने चयनित विद्यार्थियों कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है. ऐसे रोजगार मेले विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं तथा भविष्य में भी संस्थान इसी प्रकार के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा. ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी रजनीश पचौरी ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक ही मंच पर विभिन्न कंपनियों से जोड़कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है. उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगार मेलों एवं प्लेसमेंट गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर रोहित जैन एवं सुयश जैन, प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन, विभागाध्यक्ष अनिमेष अवस्थी, राजकुमार यादव, अनुराग सिंह, दीपाली साहू उपस्थित रहीं. संचालन साध्वी बिल्थरे ने किया.

तीन हजार का इनामी अपहरणकर्ता पकड़ा

सागर. सिविल लाइन थाना पुलिस ने करीब 6 महीने पहले अपहृत हुई एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को दिल्ली-गाजियाबाद क्षेत्र से बरामद कर लिया है. इसके साथ ही पुलिस ने इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 3,000 रुपये के इनामी आरोपी को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाने में महिला ने नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस को पुख्ता इनपुट मिला कि फरार आरोपी लोकेश अहिरवार निवासी छापरी नाबालिग बालिका को बंधक बनाकर दिल्ली और गाजियाबाद के इलाकों में छुपा हुआ है.

बच्चों को पिलाई पोलियो दवा

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने हेतु अभियान आयोजित किया.

प्रांतीय अहिरवार महासंघ, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में गांधी तिराहा बीना स्थित पल्स पोलियो बूथ पर अभिभावकों एवं बच्चों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं. लोगों ने अपने नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाकर उन्हें आजीवन सुरक्षित रखने का संकल्प लिया. शुभारंभ अधिवक्ता श्रीमती उमा महेंद्र नवैया एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय अहिरवार महासंघ तथा अधिवक्ता महेंद्र नवैया सह प्रभारी विधानसभा क्षेत्र बीना द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया. इस अवसर पर श्रीमती नवैया ने कहा कि स्वस्थ बालक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव हैं. प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने पाँच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की हर निर्धारित खुराक अवश्य दिलाएँ. अधिवक्ता श्री नवैया ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे. विदेशों में पोलियो के मामलों को देखते हुए हमें और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि भारत हमेशा पोलियो मुक्त बना रहे. कार्यक्रम में श्रीमती कमला अहिरवार, श्रीमती चंद्रकिरण जाटव, देवेंद्र कुशवाहा, दीपक अहिरवार, सूरज ठेकेदार, हल्के राम अहिरवार तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई और बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के साथ-साथ अभिभावकों को भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की.

नाबालिग दस्तयाब परिजनों को सौंपा गया

सागर. पुलिस ने नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया. थाना विनायका में एक नाबालिग बालिका के घर से लापता होने संबंधी सूचना प्राप्त होने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल जांच प्रारंभ की गई. थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया. नाबालिग बालिका को ग्राम कुमरेई, थाना दमोह देहात, जिला दमोह से दस्तयाब कर लिया गया. बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया. प्रकरण में अज्ञात आरोपी की तलाश एवं विवेचना जारी है.

ओपन कैंपस ड्राइव संपन्न, विद्यार्थियों ने लिया भाग

नवभारत न्यूज

सागर 28 जून. स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय एवं कंपनी एमआरएफ के तत्वावधान में ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया.

चयन प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा, समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के विभिन्न चरण आयोजित किए गए. 60 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का एमआरएफ कंपनी में चयन किया गया. इस अवसर पर संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि प्रतिष्ठित कंपनी का विश्वविद्यालय परिसर में आकर चयन करना हमारे शैक्षणिक स्तर

और विद्यार्थियों की गुणवत्ता का प्रमाण है. कंपनी के प्लांट हेड साजी वर्गिस ने कहा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में हमें ऊर्जा, प्रतिभा और कार्य के प्रति समर्पण दिखाई दिया है. विश्वविद्यालय प्रशासन ने कंपनी की चयन टीम का आभार व्यक्त किया है. इस ओपन कैंपस ड्राइव में अंकुर बारेरया, दीप पंड्या एवं भानु प्रताप सिंह, शिशिर तिवारी, डॉ. चिराग, डॉ. शिवानी मिश्रा, अभिनव ताम्रकार, प्रखर तिवारी, योग प्रकाश, ज्योत्स्ना तिवारी, अशोक कोरी, डॉ. सुष्मा द्विवेदी, प्रियंका खरे, आकांक्षा तिवारी, अभिषेक समेले एवं महेन्द्र सिरोठिया उपस्थित रहे.

आवश्यकता है

नव भारत समाचार पत्र

सागर कार्यालय में विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। शीघ्र संपर्क करें।

संपर्कः अवनीश जैन (ब्यूरो प्रमुख) मो.9425451444

सागर कार्यालयः सतनाम भवन गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के सामने कटरा बाजार सागर म.प्र.